संख्या- 06/2021/76/58-1-2021-2/1(26)12टीसी-।

प्रेषक,

महावीर प्रसाद गौतम,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

बाल विकास एवं पुष्टाहार अनुभाग **लखनऊ: दिनांक 21 जनवरी, 2021**

विषय : अनुदान संख्या-49 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21 में आंगनवाड़ी केन्द्र भवनों के अपग्रेडेशन के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों पर शौचालय निर्माण कराये जाने हेतु वित्तीय स्वीकृति जारी करने के सम्बन्ध में।

महोदया,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-539/बा0वि0परि0/लेखा/2020-21 दिनांक 07 अक्टूबर, 2020 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अनुदान संख्या-49 में आंगनवाड़ी केन्द्रों के अपग्रेडेशन के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21 के आय-व्ययक में प्राविधानित धनराशि रूपये 1380.00 लाख (रूपये तेरह करोड़ अस्सी लाख मात्र) के सापेक्ष 65 जनपदों के 4000 आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों में शौचालय निर्माण कराये जाने हेतु धनराशि रू0 480.00 लाख (रू0 चार करोड़ अस्सी लाख मात्र) (केन्द्रांश रू0 288.00 लाख एवं राज्यांश रू0 192.00 लाख) की वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते हैं :-

1. उक्त स्वीकृत धनराशि का आवंटन जनपदवार अपग्रेडेशन कार्य के निर्धारित लक्ष्य/प्रति आंगनवाड़ी केन्द्र भवन के अपग्रेडेशन लागत के आधार पर किया जायेगा।
2. उक्त स्वीकृत धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकता एवं नियमानुसार किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि को किसी भी दशा में बैंक खाते आदि में नहीं रखा जायेगा तथा उक्त धनराशि को किसी अन्य योजना/कार्यक्रम/मद/इकाई पर व्यय नहीं किया जायेगा।
3. स्वीकृत धनराशि का व्यय प्रश्नगत कार्य की अनुमोदित कार्ययोजना के अनुसार चिन्हित आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु निर्धारित मानकों/ निर्देशों के अनुसार किया जायेगा और किसी भी दशा में स्वीकृत धनराशि से अधिक धनराशि व्यय नहीं की जायेगी। धनराशि को व्यय करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि प्रश्नगत कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित नहीं है तथा इस हेतु पूर्व में किसी अन्य योजना/स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है।
4. प्रश्नगत वित्तीय स्वीकृति जिस कार्य/मद हेतु की जा रही है, उसका उपयोग नियमानुसार उसी कार्य/मद हेतु किया जायेगा।
5. योजना हेतु भारत सरकार द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों/गाईड लाईन का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
6. उक्त धनराशि का प्रदेशन (एलाटमेंट) मात्र ही किसी प्रकार का व्यय करने का अधिकार प्रदान नहीं करता है। अतः बजट मैनुअल, वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत नियमों तथा इस सम्बन्ध में समय-समय पर जारी स्थायी आदेशों के अन्तर्गत जिन मदों पर व्यय करने के लिए सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त की जानी आवश्यक हो, व्यय करने से पूर्व तत्सम्बन्धी तकनीकी/प्रशासकीय स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय तथा इसे विहित प्रक्रिया एवं नियमों के अनुसार ही व्यय किया जाना सुनिश्चित किया जाय।
7. अपग्रेडेशन कार्यों के संबंध में वित्तीय एवं भौतिक प्रगति तथा अपग्रेडेशन कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए अपग्रेडेशन कार्य समयान्तर्गत पूर्ण करा लिया जाय।
8. स्वीकृत धनराशि के आहरण एवं व्यय के सम्बन्ध में राज्य सरकार/वित्त विभाग द्वारा निर्धारित मानक/समय-समय पर निर्गत शासनादेशों में दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए धनराशि आहरित की जायेगी।
9. प्रश्नगत योजना हेतु भारत सरकार से प्राप्त केन्द्रांश के पुनर्वैधीकरण के सम्बन्ध में नियमों का अनुपालन किया जायेगा।
10. प्रश्नगत योजना हेतु भारत सरकार से प्राप्त केन्द्रांश के पुनर्वैधीकरण के सम्बन्ध में योजना की गाइड लाइन एवं नियमों के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।
11. धनराशि के आहरण के पूर्व निर्विवाद भूमि उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

12. जनपदों को उक्त प्रस्ताव के अनुसार धनराशि आवंटित करते हुए निर्देशित किया जाएगा कि जिला कार्यक्रम अधिकारी आगणन के अनुसार समस्त कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करायें।
13. कार्य की प्रगति की सूचना शासन को निदेशक, आईसीडीएस की संस्तुति सहित मासिक रूप में उपलब्ध करायी जायेगी।
14. आहरित धनराशि की उपयोगिता की स्थिति से ससमय अवगत कराया जाय।
15. स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष आवंटन/वितरित धनराशि के समक्ष किये गये व्यय पर नियंत्रण के सम्बन्ध में वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-बी-1-1195/दस-16/94, दिनांक 06 जून, 1994 एवं कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2020/बी-1-149/दस-2020-231/2019 दिनांक 24 मार्च, 2020, शासनादेश संख्या-5/2020/बी-1-196/दस-2020-231/2020, दिनांक 11 अप्रैल, 2020, शासनादेश संख्या-6/2020/बी-1-218/दस-2020-231/2020, दिनांक 18 मई, 2020, शासनादेश संख्या-7/2020/बी-1-306/दस/2020-231/2020, दिनांक 17 जून, 2020 तथा शासनादेश संख्या-8/2020/बी-1-429/दस-2020-231/2020, दिनांक 24 जुलाई, 2020 में दिये गये दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

3- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-49 के अधीन लेखाशीर्षक "4235-सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण पर पूंजीगत परिव्यय-02-समाज कल्याण-102-बाल कल्याण-01-केन्द्र प्रायोजित योजनाएं-0127-आंगनवाड़ी केन्द्रों का अपग्रेडेशन-25-लघु निर्माण कार्य (के060/रा040-के+रा)' के नामे डाला जायेगा।

4- ये आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पत्र संख्या-ई-4-38/दस-2020, दिनांक 15 जनवरी, 2021 में प्राप्त सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

संलग्नक : यथोपरि।

भवदीय,

(महावीर प्रसाद गौतम)
संयुक्त सचिव।

संख्या-06/2021/76(1)/58-1-2021, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2. महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद
3. सचिव, भारत सरकार, महिला एवं बाल विकास विभाग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली।
4. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-4/वित्त आय-व्ययक अनुभाग-1
6. वित्त संसाधन केन्द्रीय सहायता अनुभाग/वित्त (लेखा) अनुभाग-1
7. सम्बन्धित मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
8. आहरण एवं वितरण अधिकारी, निदेशालय, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0।
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(महावीर प्रसाद गौतम)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शौचालयों के निर्माण के सम्बन्ध में जनपदों की मांग के सापेक्ष प्रस्ताव

क्रमांक	जनपद का नाम	शौचालय आवश्यकता	(देय शौचालय) की संख्या	आंवटित केन्द्रों के सापेक्ष प्रतिकेन्द्र 12000.00 की दर से देय धनराशि (लाख मे)
1	झासी	15	15	1.80
2	इटावा	38	38	4.56
3	बहराइच	150	150	18.00
4	बुलन्दशहर	37	37	4.44
5	बलरामपुर	249	249	29.88
6	कौशाम्बी	33	33	3.96
7	कानपुर नगर	3	3	0.36
8	कानुपर देहात	41	41	4.92
9	महाराजगंज	16	16	1.92
10	महोबा	9	9	1.08
11	मेरठ	32	32	3.84
12	बिजनौर	35	35	4.20
13	मिर्जापुर	44	44	5.28
14	चित्रकूट	101	101	12.12
15	फिरोजाबाद	48	48	5.76
16	हापुड	14	14	1.68
17	प्रतापगढ़	16	16	1.92
18	रामपुर	46	46	5.52
19	श्रावस्ती	29	29	3.48
20	शामली	6	6	0.72
21	सोनभद्र	113	113	13.56
22	चन्दौली	112	112	13.44
23	वांराणसी	90	90	10.80
24	फतेहपुर	47	47	5.64
25	जौनपुर	47	47	5.64
26	अमेठी	45	45	5.40
27	औरैया	30	30	3.60
28	अम्बेडकर नगर	33	33	3.96
29	अमरोहा	1	1	0.12
30	अलीगढ	17	17	2.04
31	गाजीयांबाद	18	18	2.16
32	गौतमबुद्ध नगर	4	4	0.48
33	लखनऊ	148	148	17.76

34	ललितपुर	2	2	0.24
35	गोरखपुर	123	123	14.76
36	बलिया	163	101	12.12
37	बरेली	55	34	4.08
38	बांदा	75	47	5.64
39	बाराबंकी	61	38	4.56
40	बस्ती	65	40	4.80
41	बदायु	255	158	18.96
42	कासगंज	53	33	3.96
43	मऊ	155	96	11.52
44	मथुरा	59	37	4.44
45	मुरादाबाद	88	55	6.60
46	मुजफ्फरनगर	85	53	6.36
47	मैनपुरी	76	47	5.64
48	हरदोई	116	72	8.64
49	भदोही	89	55	6.60
50	प्रयागराज	116	72	8.64
51	रायबरेली	169	105	12.60
52	संतकबीर नगर	204	126	15.12
53	संभल	205	127	15.24
54	सहारनपुर	171	106	12.72
55	सीतापुर	106	66	7.92
56	सुल्तानपुर	104	64	7.68
57	उन्नाव	63	39	4.68
58	देवरिया	157	97	11.64
59	जालौन	66	41	4.92
60	अयोध्या	51	33	3.96
61	आजमगढ	215	133	15.96
62	आगरा	59	37	4.44
63	गोण्डा	183	113	13.56
64	गाजीपुर	228	141	16.92
65	लुखीमपुर खीरी	67	42	5.04
		5351	**4000**	**480.00**

टिप्पणी– क्रमांक 01 से 35 तक अंकित जनपदों की मांग के अनुरूप शतप्रतिशत् आंवटन प्रस्तावित किया गया है।
क्रमांक 36 से 65 तक अंकित जनपदों की मांग के सापेक्ष 62 प्रतिशत् आंवटन प्रस्तावित किया गया है।